

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

Great Place To Work. Certified

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

8 मार्च ,2025



प्रिय सहकर्मियों,

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के इस शुभ अवसर पर, मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। यह दिन न केवल महिलाओं की असाधारण उपलब्धियों का उत्सव मनाने का है, बल्कि उनके समर्पण, आत्मबल और समाज में उनके अमूल्य योगदान को सम्मान देने का भी अवसर है।

आज, भारतीय महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और परिश्रम से नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। विज्ञान, खेल, व्यवसाय, राजनीति, रक्षा, शिक्षा, कला और साहित्य – हर क्षेत्र में वे अपनी छाप छोड़ रही हैं। कल्पना चावला और राकेश शर्मा के सपनों को आगे बढ़ाते हुए रितु करिधल और नंदिनी हरिनाथ जैसी महिला वैज्ञानिक भारत के अंतरिक्ष मिशनों को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। पी. वी. सिंधु, मैरी कॉम और मिताली राज जैसी खिलाड़ी न केवल देश का नाम रोशन कर रही हैं, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा भी बन रही हैं।

व्यापार और नेतृत्व में भी महिलाएँ उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। फाल्गुनी नायर ने नायका को एक सफल ब्रांड बनाया, किरण मजूमदार-शॉ ने बायोकॉन को एक अग्रणी दवा कंपनी के रूप में स्थापित किया, और इंदिरा नूई ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कॉर्पोरेट जगत में अपनी पहचान बनाई। राजनीति में निर्मला सीतारमण, स्मृति ईरानी, और डॉ. किरण बेदी जैसी महिलाओं ने नेतृत्व की नई परिभाषा गढ़ी है।

हमारी संस्था में भी महिलाएँ न केवल कार्यस्थल पर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, बल्कि अपने समर्पण और कौशल से संस्थान की सफलता में अभूतपूर्व योगदान दे रही हैं। उनकी कड़ी मेहनत, दूरदृष्टि और नेतृत्व क्षमता हमें निरंतर प्रेरित करती है। आज की महिलाएं गृहस्थी तो संभाल ही रही हैं साथ ही व्यवसाय में कंधे से कंधा मिला कर पुरुषों के बराबर कार्यशील हैं|

आज, जब हम महिला दिवस मना रहे हैं, हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम कार्यस्थल और समाज में समानता, समावेशिता और सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करें। हमें महिलाओं को ऐसे अवसर प्रदान करने चाहिए, जिससे वे अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ सकें और अपने सपनों को साकार कर सकें। हमारी संस्था महिलाओं के अधिकारों और उनके विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि हर महिला को प्रगति करने और नेतृत्व करने का समान अवसर मिले।

आइए, इस महिला दिवस पर हम सभी मिलकर महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों और उनके योगदान को नमन करें और उनके साथ मिलकर भविष्य की ओर कदम बढ़ाएँ।

आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ!
धन्यवाद!

**(आर. के. विश्नोई)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**